<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**26 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे मन की बात कार्यक्रम में, देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सम्पूर्ण नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे सहित अन्य मांगें माने जाने के बाद सीजेपी ने की प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा। केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा– प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नहीं की जायेगी कोई कार्रवाई।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन में एक हजार दो सौ चौहत्तर करोड़ रुपए लागत की तीन सौ चौहत्तर विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। फतेहपुर को दी चार सौ नवासी करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात।
- यूनेस्को ने सारनाथ के प्राचीन बौद्ध स्थल को विश्व धरोहर सूची में किया शामिल। प्रधानमंत्री ने कहा– हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद केंद्र सरकार और कॉकरोच जनता पार्टी–सीजेपी के बीच कल तीसरे दौर की वार्ता में सीजेपी ने दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में जारी प्रदर्शन को समाप्त करने की घोषणा कर दी। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह तथा सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की चर्चा में परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों से संबंधित मांगों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बाद में नई दिल्ली में सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री नड्डा ने कहा कि बैठक के दौरान सरकार ने सीजेपी की इस मांग को मान लिया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी और उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया है कि यदि कोई एफआईआर दर्ज की गई है, तो उसे वापस ले लिया जाएगा और एफआईआर की प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

***सबसे पहली बात तो यह है कि कि कोई भी एक्शन एफआईआर ना हो और अगर है तो वह विड्रॉ हो और उसको विड्रॉ करने की बात कोई भी एक्शन नहीं होगा। इस बात को सरकार ने स्वीकारा है जो प्रोटेस्टर्स के साथ प्रोटेस्ट के दौरान हुआ है। उसी तरीके से फ्यूचर में भी जो ऑर्गेनाइजर्स हैं और प्रोटेस्टर्स हैं उनका इस एक्टिविटी के लिए कोई भी उन पर आगे केस नहीं होगा। इस बात को हम लोगों ने माना है।***

आत्महत्या करने वालों के परिजनों को मुआवजा देने के मुद्दे पर श्री नड्डा ने कहा कि सरकार को पूरी सहानुभूति है और सरकार नियमों के अनुसार अधिकतम मुआवजा सुनिश्चित करेगी।

इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस्तीफा भेजने के बाद कहा कि पिछले दस दिनों से विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन के बाद उत्पन्न स्थिति से वे व्यथित हैं और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जंतर–मंतर और पूरे देश में वर्तमान स्थिति का राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ ना उठा सकें और किसी भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी दांव–पेंच में न उलझे इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि पेपर लीक माफिया इन्हीं पार्टियों की देन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पेपर लीक माफिया के खिलाफ सख्त कानून ला रही है।

**********

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद आज पीलीभीत के पूरनपुर में ऐशबाग–कासगंज एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बदायूं में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री वर्मा ने कल संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इस सेवा के शुरु होने से बदायूँ और उझानी क्षेत्र के यात्रियों को राजधानी लखनऊ के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

***उस ट्रेन की हरी झंडी दिखाने का सौभाग्य भी मिलेगा। हरी झंडी में अपने जो गृह नगर है, होम टाउन है उझानी, उस रेलवे स्टेशन, वो रेलवे स्टेशन उझानी अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में सबसे पहली योजना में ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने उसका लोकार्पण किया था।***

**********

श्रीराम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में गठित न्यू एसआईटी टीम का विस्तार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद इसमें आईजी किरण एस के अलावा डीआईजी अयोध्या सोमेन वर्मा और एसएसपी अयोध्या डॉक्टर गौरव ग्रोवर को शामिल किया गया है। इससे पहले न्यू एसआईटी में लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत और विशेष सचिव वित्त नील रतन कुमार शामिल थे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल जालौन में एक हजार दो सै चौहत्तर करोड़ रुपए लागत की तीन सौ चौहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में जालौन विकास के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए अपनी गौरवशाली और नई पहचान को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में सोलर एक्सप्रेस वे बन रहा है।

***बुंदेलखंड में कभी सूखे की मार झेलनी पड़ती थी। यह क्षेत्र बीहड़ था। अंधेरा होते ही पूरे क्षेत्र में आवागमन ठप हो जाता था। लेकिन अब डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बीहड़ के अंधेरे को एक ओर करते हुए इसको विकास की रोशनी में हमारा बुंदेलखंड जगमगा रहा है और जालौन उसका प्रवेश द्वार बनकर के तैयार हो गया है। अब उसको एक नई पहचान बन गई है। देश का पहला सोलर एक्सप्रेसवे बन रहा है हमारा बुंदेलखंड में।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जनपद फतेहपुर में चार सै नवासी करोड़ रुपए से अधिक लागत की एक सौ पच्चीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

***आभार व्यक्त करता हूं कि प्रधानमंत्री जी आपने छात्रों के लिए आपने युवाओं के लिए पिछले 12 वर्ष में अनेक कदम उठाए हैं। आपने डिजिटल इंडिया के नाम पर आपने प्रधानमंत्री स्टार्टअप स्कीम के दिन आपने भारत के नौजवानों के लिए एक नई आशा की किरण दी। आपने देश के अंदर युवाओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति देकर के भारत का नौजवान अब भारत ही नहीं वैश्विक जगत में अपनी धाक को का लोहा मना सकता है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल ही दो दिवसीय दौरे पर आगरा पहुंचे। उन्होंने यहां तीन सौ बयालीस करोड़ रुपए से अधिक लागत की तिरपन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार आगरा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। आगरा पर्यटन के नए केंद्र के रुप में विकसित हो रहा है।

**********

यूनेस्को ने सारनाथ के प्राचीन बौद्ध स्थल को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है। धरोहर सूची में शामिल किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सारनाथ का भगवान बुद्ध से गहरा संबंध है, जिनके ज्ञान, करुणा और सद्भाव के शाश्वत संदेश से विश्व प्रेरित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मान्यता देश की समृद्ध सभ्यतागत और आध्यात्मिक विरासत का सम्मान करती है। विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर वाराणसी के निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह काशी वासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

***सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया जाना हम सभी काशी वासियों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। भगवान बुद्ध की प्रथम धर्मचक्र प्रवर्तन स्थली को मिली यह वैश्विक पहचान भारत की समृद्धि संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का सम्मान है।***

**********

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने वर्ष दो हजार सत्ताइस की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिये व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को अपना आवेदन सम्बन्धित अग्रसारण केन्द्र के प्राधानाचार्य को पांच अगस्त तक देना होगा।

**********